C M Y K
Web: www.uttaranchaldeep.com Email-uttaranchaldeep@gmail.com

सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में मंगलवार
सायं 6:10 बजे

सूर्योदय
उत्तराखण्ड में बुधवार
सुबह 6:00 बजे

सांध्य दैनिक
# उत्तरांचल दीप
सबके हाथ सच के साथ



हल्द्वानी | वर्ष 19 अंक 87 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | मंगलवार, 22 सितम्बर 2026
लालबागचा राजा पहुंचे शाहरुख...पेज-3 पर

## News कॉर्नर

### मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी आज नैनीताल में



नैनीताल । जिलाधिकारी ललित मोहन रायल ने बताया किया कि मुखयमंत्री पुष्कर सिंह धामी मंगलवार (आज) एक दिवसीय नैनीताल जनपद भ्रमण पर आ रहे हैं। प्राप्त कार्यक्रमानुसार मुखयमंत्री पुष्कर सिंह धामी मंगलवार (आज) को अपराह्न 2:30 बजे जीटीसी हेलीपेड देहरादून से प्रस्थान कर 3:30 बजे सेंट जोसेफ कॉलेज हैलीपेड नैनीताल पहुंचेंगे। मुखयमंत्री पुष्कर सिंह धामी शाम 3:50 बजे श्री मां नयना देवी मन्दिर पहुंचकर मां नंदा देवी महोत्सव में प्रतिभाग करेंगे तथा शाम को 5 बजे सेंट जोसेफ कॉलेज हैलीपेड से देहरादून के लिए प्रस्थान करेंगे।

### 50 प्रतिशत आरक्षण लागू होने से भड़के छात्र, भवन की छत पर चढ़े

अल्मोड़ा। सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय में छात्रसंघ चुनाव में 50 प्रतिशत पद छात्राओं के लिए आरक्षित होने से इन पदों पर चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहे छात्र प्रत्याशियों के सपनों पर पानी फिर गया है। इस फरमान के विरोध में एसएसजे परिसर में कोषाध्यक्ष पद से संभावित प्रत्याशी आशीष संतोलिया और संयुक्त सचिव पद से संभावित दावेदार तिलक कुमार परिसर की छत पर चढ़ गए। उन्होंने अपना आक्रोश जताते हुए इस आदेश को फौरन वापस लेने की मांग उठाई। परिसर प्रबंधन के उनकी बात को विश्वविद्यालय स्तर पर रखने के आश्वासन के बाद किसी तरह छात्र छत से नीचे उतरे। शासन से जारी नए निर्देश के मुताबिक छात्रसंघ चुनाव में अब छह पदों पर 50 प्रतिशत सीटें छात्राओं के लिए आरक्षित की गई हैं। ऐसे में अब छात्रा उपाध्यक्ष के अलावा कोषाध्यक्ष और संयुक्त सचिव पद छात्राओं के लिए आरक्षित किए गए हैं। इन पदों पर छात्र प्रत्याशी अब चुनाव नहीं लड़ सकेंगे।

## बनेगा 160 किमी लंबा रोपवे नेटवर्क, 51 परियोजनाओं से जुड़ेंगे पर्यटन स्थल

देहरादून
हमारे संवाददाता

पहाड़ों में सफर को आसान बनाने के लिए अब सड़कों के साथ रोपवे नेटवर्क पर भी जोर दिया जा रहा है। सरकार की योजना से तीर्थस्थलों और पर्यटन क्षेत्रों तक पहुंच बेहतर होने के साथ स्थानीय रोजगार और कारोबार को भी बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर रोपवे परियोजनाओं को धरातल पर उतारने के लिए काम में तेजी लाई जा रही है। प्रदेश की विषम भौगोलिक परिस्थितियों को देखते हुए रोपवे बेहतर वैकल्पिक



परिवहन का साधन है। इससे जहां धार्मिक और पर्यटन स्थलों की पहुंच आसान होगी, वहीं तीर्थाटन, पर्यटन, रोजगार और स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। मुख्यमंत्री ने कार्यदायी संस्थाओं को आगामी नौ नवंबर तक रोपवे परियोजनाओं के कार्य धरातल पर शुरू करने के निर्देश दिए हैं।

उत्तराखंड में पर्यटकों की संख्या लगातार ब? रही है। बीते वर्ष 2025 में छह करोड़ से अधिक पर्यटक व तीर्थयात्री पहुंचे हैं। पर्यटक व धार्मिक स्थलों तक सुगम,सुरक्षित और सुविधाजनक परिवहन व्यवस्था के लिए सरकार का रोपवे योजनाओं पर फोकस है। जिस प्रकार से स?कों पर यातायात के दबाव के साथ वाहन प्रदूषण ब? रहा है, उसका बेहतर विकल्प रोपवे व्यवस्था बन सकती है। दुर्गम पर्वतीय क्षेत्रों, जहां स?क का निर्माण नहीं किया जा सका है, उन क्षेत्रों की मुश्किलें भी रोपवे बनने से कम होंगी। सरकार ने रोपवे परियोजनाओं के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग लॉजिस्टिक्स मैनेजमेंट लिमिटेड (एनएचएलएमएल), उत्तराखंड मेट्रो रेल कॉरपोरेशन, शहरी स्थापना एवं भवन निर्माण निगम और पर्यटन विभाग को जिम्मेदारी सौंपी है। पहले चरण में सोनप्रयाग से केदारनाथ, गोविंदघाट से हेमकुंड साहिब, रानीबाग से हनुमानगढ़ी-कैची धाम, कनकचौरी से कार्तिक स्वामी, जोशीमठ से औली-गोरसों, रैथल से दयारा बुग्याल का निर्माण किया जाएगा। इसके अलावा पुरुकुल से मसूरी तक लगभग 5.2 किमी लंबे रोपवे प्रोजेक्ट का निर्माण कार्य चल रहा है।

वायरल वीडियो के बाद बढ़ा था मामला

## जमुई छात्रा छेड़खानी मामला
## मुख्य आरोपी का हाफ एनकाउंटर

नई दिल्ली
एजेंसी

बिहार के जमुई में नाबालिग छात्र-छात्रा से कथित अभद्र व्यवहार और छेड़खानी के मामले में पुलिस ने मंगलवार को कार्रवाई तेज कर दी। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी करने पहुंची पुलिस टीम के साथ मुठभेड़ होने की बात सामने आई है। इस दौरान मुख्य आरोपी बताए जा रहे नंदन यादव के बाएं पैर में गोली लगने की जानकारी मिली है। घायल आरोपी को इलाज के लिए जमुई सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना की जानकारी मिलने के बाद जिलाधिकारी नवीन कुमार भी अस्पताल पहुंचे और पूरे मामले की जानकारी ली।

बिहार के जमुई में नाबालिग छात्र-छात्रा से कथित अभद्र व्यवहार और छेड़खानी के मामले में पुलिस ने मंगलवार को कार्रवाई तेज कर दी। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी करने पहुंची पुलिस टीम के साथ मुठभेड़ होने की बात सामने आई है। इस दौरान मुख्य आरोपी बताए जा रहे नंदन यादव के बाएं पैर में गोली लगने की जानकारी मिली है। घायल



आरोपी को इलाज के लिए जमुई सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना की जानकारी मिलने के बाद जिलाधिकारी नवीन कुमार भी अस्पताल पहुंचे और पूरे मामले की जानकारी ली। पुलिस कार्रवाई के दौरान हरेराम यादव के भी गोली लगने की बात सामने आ रही है। हालांकि, इस संबंध में अधिकारियों की ओर से अभी तक स्पष्ट जानकारी या आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। पुलिस पूरे घटनाक्रम की जांच कर रही है और मुठभेड़ के दौरान हुई गोलीबारी समेत अन्य पहलुओं की जानकारी जुटाई जा रही है। मामले में शामिल अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए भी पुलिस की कार्रवाई जारी है। पुलिस घटना से जुड़े लोगों की भूमिका की जांच करने के साथ उनके ठिकानों पर लगातार छापेमारी कर रही है।

दरअसल, जमुई में नाबालिग छात्रा से कथित छेड़खानी और अभद्र व्यवहार का वीडियो सोमवार को सामने आने के बाद मामला सुर्खियों में आया था। वीडियो वायरल होने के बाद घटना को लेकर लोगों में आक्रोश देखा गया। इसके बाद राजनीतिक स्तर पर भी मामले को लेकर बयान सामने आए। कांग्रेस और राजद ने इस मुद्दे को लेकर सरकार पर सवाल उठाए थे।

## शादी से लौट रही कार खाई में गिरी
## हादसे में चार की मौत, एक घायल

हिमांचल
हमारे संवाददाता

कुल्लू के आनी उपमंडल में मंगलवार तड़के एक दर्दनाक सड़क हादसे ने चार परिवारों को गहरे सदमे में डाल दिया। हरिपुर-नागन क्षेत्र में एनएच-305 पर करीब साढ़े तीन बजे एक कार दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसे में कार सवार चार लोगों की मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति घायल हुआ है।

कुल्लू जिले के आनी उपमंडल में मंगलवार तड़के हुए एक भीषण सड़क हादसे ने इलाके को झकझोर कर रख दिया। हरिपुर-नागन क्षेत्र में नेशनल हाईवे-305 पर करीब साढ़े तीन बजे एक कार ह्यूंडई एक्सटर नंबर एनएच 35 9123 दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसा इतना गंभीर था कि कार में सवार चार लोगों की जान चली गई, जबकि एक व्यक्ति घायल हो गया। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार हादसे के समय कार में करीब पांच लोग सवार थे। दुर्घटना की सूचना मिलते ही प्रशासन, पुलिस और अग्निशमन विभाग की टीमें सक्रिय हो गईं। घटनास्थल पर सर्च एवं रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया गया और राहत-बचाव कार्य के बाद घायलों को अस्पताल पहुंचाने की कार्रवाई की गई। जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (डीडीएमए) कुल्लू से मिली जानकारी के अनुसार हादसे की सूचना संबंधित प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों को दी गई। पुलिस कंट्रोल रूम कुल्लू, तहसीलदार आनी, एसडीके आनी और एसडीएम आनी को भी घटना की जानकारी दी गई। हादसे में जान गंवाने वालों की पहचान राहुल राणा पुत्र जगदीश, विकास उर्फ विक्की पुत्र हीरा सिंह, गुंजन पुत्र राम प्रकाश और बालकृष्ण पुत्र धिक राम के रूप में हुई है। बताया गया है कि चारों मृतक आनी उपमंडल के जाबो गांव के रहने वाले थे। हादसे की खबर गांव पहुंचते ही परिवारों और स्थानीय लोगों में शोक की लहर दौड़ गई। हादसे में सुरेश कुमार पुत्र मोहन लाल निवासी गांव जाबो डा. कराणा तहसील आनी जिला कुल्लू उम्र 29 वर्ष है घायल हैं।



## शराब के दाम पर बवाल, युवक पर टूट पड़ा 8-10 लोगों का कहर

हल्द्वानी
हमारे संवाददाता

शराब के दाम पर शुरू हुआ विवाद देखते ही देखते मारपीट और खून-खराबे तक पहुंच गया। तहरीर में आरोप लगाया गया है कि प्रेम टॉकीज के पास देर रात शराब लेने पहुंचे युवक को कथित तौर पर 8-10 लोगों ने घेर लिया और धारदार हथियार, पत्थर व डंडों से हमला कर दिया। हमले में युवक के सिर पर गंभीर चोटें आईं, चार जगह टांके लगाने पड़े, बाईं आंख बुरी तरह घायल हो गई और बायां कंधा उतर गया। किसी तरह हमलावरों से बचकर निकला युवक पहले बेस अस्पताल पहुंचा, जहां से हालत बिगड़ने पर उसे एसटीएच रेफर कर दिया गया। मामले में पुलिस को दी तहरीर के मुताबिक मनीष भंडारी 13 सितंबर की रात करीब एक बजे प्रेम टॉकीज के पास शराब लेने गया था। आरोप है कि शराब बेचने वाले व्यक्ति ने उससे तय रकम से अधिक पैसे मांगे। मनीष के विरोध करने पर कथित तौर पर गाली-गलौज और अभद्रता शुरू हो गई।

पीड़ित का आरोप है कि हमले के दौरान उसका ओप्पो मोबाइल, गले की सोने की चेन और वाहन की चाबी भी छीन ली गई। सुबह होश आने के बाद उसने परिजनों को पूरी घटना की जानकारी दी। मामले में लगाए गए आरोपों की पुष्टि पुलिस जांच और उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर होगी।

## यूपीआई पर शुल्क की आहट से भड़के व्यापारी, जीएसटी छापों पर भी उठाई आवाज

हल्द्वानी
हमारे संवाददाता

व्यापारियों पर बढ़ते आर्थिक दबाव और जांच-कार्रवाई को लेकर अखिल एकता उद्योग व्यापार मंडल ने मोर्चा खोल दिया है। संगठन ने यू पी आई भुगतान पर प्रस्तावित एम डी आरऔर उत्तराखंड में स्वीट्स, रेस्टोरेंट व इलेक्ट्रॉनिक्स प्रतिष्ठानों में जी एस टी विभाग की जांच-छापेमारी के मुद्दे पर दो अलग-अलग ज्ञापन सौंपकर अपनी आपत्ति दर्ज कराई।

व्यापार मंडल ने दो टूक कहा कि व्यापारियों पर किसी भी तरह का अनावश्यक आर्थिक बोझ अथवा उत्पीड़न स्वीकार नहीं किया जाएगा। व्यापार मंडल ने नगर मजिस्ट्रेट एपी बाजपेयी के माध्यम से केंद्रीय वित्त मंत्री को ज्ञापन भेजकर 15 अक्टूबर से यू पी आई लेनदेन पर एम डी आर लागू किए जाने के प्रस्ताव का विरोध किया। संगठन का कहना है कि डिजिटल



भुगतान को बढ़ावा देने के बाद यदि यूपीआई लेनदेन पर अतिरिक्त शुल्क का भार व्यापारियों पर डाला जाता है तो इसका सीधा असर छोटे और मध्यम कारोबारियों पर पड़ेगा। व्यापार मंडल ने प्रस्तावित एम आर डी को तत्काल वापस लेने की मांग की। साथ ही चेतावनी दी कि मांग पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय नहीं हुआ तो संगठन राष्ट्रीय स्तर पर लोकतांत्रिक आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा। दूसरे ज्ञापन में उत्तराखंड में स्वीट्स, रेस्टोरेंट और इलेक्ट्रॉनिक्स कारोबारियों के प्रतिष्ठानों पर चल रही जी एस टी विभाग की जांच एवं छापेमारी का मुद्दा उठाया गया। ज्वाइंट कमिश्नर हेमा बिष्ट ने व्यापार मंडल के प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया कि किसी भी छोटे या बड़े व्यापारी का उत्पीड़न नहीं किया जाएगा। उन्होंने व्यापारियों के साथ संवाद स्थापित कर उनकी समस्याएं सुनने और नियमानुसार समाधान का प्रयास करने की बात कही।

व्यापार मंडल ने स्पष्ट किया कि दोनों मुद्दों पर सरकार और संबंधित विभागों से सकारात्मक कार्रवाई की अपेक्षा है। मांगों का समाधान नहीं होने पर संगठन ने लोकतांत्रिक तरीके से व्यापक आंदोलन की चेतावनी दी है।

प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व प्रदेश अध्यक्ष संतोष सिंह नेगी और प्रदेश संरक्षक जीवन सिंह काकी ने किया। इस दौरान प्रदेश प्रभारी अतुल कुमार गुप्ता, प्रदेश महिला अध्यक्ष बीनू जायसवाल, प्रदेश महामंत्री गोपाल भट्ट, मीडिया प्रभारी किरण कश्यप, जिला अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद जायसवाल, जिला महामंत्री राघवेंद्र चौहान, नगर अध्यक्ष अजय डंगवाल, संरक्षक अवध बिहारी शर्मा, विजय कुमार समेत कई व्यापारी प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# जल जनित रोग प्रकरणः जल संस्थान व पेयजल निगम के 6 अफसरों पर गिरी गाज

नैनीताल
हमारे संवाददाता

नैनीताल जिले के भीमताल विकास खंड के ज्योलीकोट समेत आस पास के गांवों में बीते जून माह से चल रहे जल जनित रोग प्रकरण में तीन लोगों की मौत के बाद प्रदेश सरकार ने अब मामले में दोषी विभागीय अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की है।

पेयजल व्यवस्था में लापरवाही, जल स्रोतों की समय पर सफाई नहीं कराने, पेयजल गुणवत्ता की जांच में शिथिलता बरतने और प्रभावित क्षेत्र में समय पर प्रभावी कार्रवाई नहीं करने के आरोप में सरकार ने उत्तराखंड जल संस्थान और पेयजल निगम के 6 अधिकारियों को निलंबित कर दिया गया है वहीं एक अभियंता को भविष्य के लिए कठोर चेतावनी दी गई है।



विभागीय आदेश के मुताबिक जल संस्थान के प्रभारी अधीक्षण अभियंता विशाल कुमार, सहायक अभियंता मोहन सिंह रावत और अपर सहायक अभियंता रविंद्र को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। आदेश में प्रभारी अधीक्षण अभियंता विशाल कुमार पर कारण बताओ नोटिस का विधिवत बिंदुवार जवाब नहीं देने और क्षेत्र का नियमित निरीक्षण नहीं करने का उल्लेख किया गया है। विभागीय जिमेदारियों के निर्वहन में लापरवाही पाए जाने पर उनके खिलाफ निलंबन की कार्रवाई की गई।

इसी तरह पेयजल निगम के प्रभारी अधिशासी अभियंता शशिपाल सिंह, प्रभारी सहायक अभियंता संजय कुमार आर्य और कनिष्ठ अभियंता दीपांशु शर्मा को भी पेयजल व्यवस्था से जुड़ी लापरवाही के आरोप में निलंबित किया गया है।अधिकारियों पर क्षेत्र में पेयजल व्यवस्था की निगरानी और गुणवत्ता से जुड़े कार्यों में अपेक्षित गंभीरता नहीं बरतने के आरोप हैं। दूसरी ओर जल संस्थान नैनीताल के अभियंता अनीश एम पिल्लई को भी मामले की गंभीरता को देखते हुए भविष्य के लिए कठोर चेतावनी जारी की गई है। विभाग ने स्पष्ट किया है कि पेयजल और जनस्वास्थ्य से जुड़े मामलों में अधिकारियों की जिमेदारी तय की जाएगी। इस बीच अधिकारियों के निलंबन के साथ ही विभागीय कामकाज प्रभावित न हो इसके लिए वैकल्पिक व्यवस्था भी लागू कर दी गई है। उत्तराखंड जल संस्थान ने अधीक्षण अभियंता नंद किशोर को अधीक्षण अभियंता उत्तराखंड जल संस्थान हल्द्वानी के पद पर तैनात किया है इसके साथ ही वह अपने वर्तमान दायित्वों के साथ लालकुआं क्षेत्र के अधिशासी अभियंता का अतिरिक्त प्रभार भी संभालेंगे। यह व्यवस्था नियमित नियुक्ति होने तक प्रभावी रहेगी।

## ज्योलीकोट में 64 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया

जिले के ज्योलीकोट क्षेत्र में जलजनित रोगों की रोकथाम एवं नियंत्रण के लिए स्वास्थ्य विभाग की जिले की मुखिया डा.रश्मि पंत के निर्देश में विशेष निगरानी लगातार जारी है। बता दें सोमवार को स्वास्थ्य शिविरों में लोगों की जांच कर आवश्यक दवाएं वितरित की गई। सीएमओ डॉ रश्मि पंत ने बताया कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ज्योलीकोट में 64 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया जबकि 40 लोगों के बलड सैंपल लिए गए वहीं 61 लोगों की काउंसलिंग तथा 10 लोगों को टेली.कंसल्टेंसी की सुविधा दी गई। गंभीर लक्षण वाले 4 लोगों को उपचार के लिए भर्ती किया गया वहीं चोपड़ा और बेलवाखान में भी स्वास्थ्य शिविर लगाए गए। सचल चिकित्सा वाहन के माध्यम से डोगरा क्षेत्र में 60 लोगों की स्वास्थ्य जांच कर आवश्यक सेवाएं मुहैया कराई गई। सीएमओ ने लोगों से भीड़भाड़ वाले स्थानों पर मास्क का प्रयोग करने समेत हाथों की स्वच्छता बनाए रखने तथा स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल और भोजन का सेवन करने की अपील की।

## भीमताल में होटलों में सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट की जांच की मांग

नैनीताल
हमारे संवाददाता

ज्योलीकोट क्षेत्र में डायरिया और पीलिया के मामले सामने आने के बीच भीमताल के ब्लॉक प्रमुख डॉ. हरीश सिंह बिष्ट ने सीवरेज व्यवस्था को लेकर चिंता जताई है।

उन्होंने क्षेत्रीय अधिकारी प्रदूषण नियंत्रण हल्द्वानी (नैनीताल) को पत्र भेजकर ज्योलीकोट क्षेत्र में संचालित बड़े व्यावसायिक संस्थानों और होटलों में सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) की स्थिति की जांच कराने की मांग की है।

पत्र में कहा गया है कि ज्योलीकोट क्षेत्र में डायरिया और पीलिया का प्रकोप फैल रहा हैए जिससे स्थानीय निवासियों को संकट का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने बड़े व्यावसायिक संस्थानों तथा होटलों में नियमों के उल्लंघन की शिकायत की है। आरोप है कि कुछ संस्थानों में सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट संचालित नहीं हो रहे हैं अथवा स्थापित नहीं किए गए हैं। इससे दूषित सीवेज और अपशिष्ट पदार्थ जल स्रोतों में मिलने की आशंका जताई गई है। ब्लॉक प्रमुख ने पत्र में डॉन बास्को स्कूल दो गांव गर्ल्स हॉस्टल चोपड़ा आयुर्वेदिक कॉलेज एंड रिसर्च सेंटर सूर्यगांव वुडब्रिज स्कूल ज्योलीकोट सिग्नेट होटल ज्योलीकोट और नैंसी कॉटेज ज्योलीकोट की सीवेज एवं अपशिष्ट व्यवस्था की जांच कराने की मांग की है। उन्होंने प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से जनहित को ध्यान में रखते हुए संबंधित संस्थानों की सीवेज व्यवस्था की जांच कर एक सप्ताह के भीतर रिपोर्ट मुहैया कराने का अनुरोध किया है। पत्र की प्रतिलिपि जिलाधिकारी नैनीताल को भी सूचनार्थ भेजी गई है।



## बदलते परिवेश में युवाओं की खेल प्रतिभा को निखारना बेहद जरूरी

नैनीताल
हमारे संवाददाता

जिले के भीमताल विधानसभा स्तरीय श्विधायक चैंपियन ट्रॉफी -2026 खेल प्रतियोगिता का सोमवार को मिनी स्टेडियम भीमताल में विधिवत उद्घाटन मुखय अतिथि ब्लॉक प्रमुख डॉ. हरीश सिंह बिष्ट द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया।

प्रतियोगिता के उद्घाटन अवसर पर बलॉक प्रमुख डॉ. हरीश सिंह बिष्ट ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल न केवल शारीरिक और मानसिक विकास के लिए जरूरी हैं बल्कि यह ग्रामीण क्षेत्र की छिपी हुई प्रतिभाओं को आगे बढने का एक बेहतरीन अवसर भी देते हैं। उन्होंने खिलाड़ियों से खेल को खेल भावना और अनुशासन के साथ खेलने का आह्वान किया। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले और प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ी आगे जिला और राज्य स्तर की आगामी प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करेंगे। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत सदस्य विपिन जंतवाल, ग्राम प्रधान संगठन अध्यक्ष लक्ष्मण गंगोला समेत मुकेश पलडि?ा, बीडीसी अंकित आर्य, अजय जंतवाल, ईश्वरी दत्त, भैरव दत्त, कुंदन जीना, युवा कल्याण अधिकारी भीमताल दीपक मेहता, धीरेंद्र जीना, लक्ष्मी काला सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## जीआईसी भूमियाधार में हुई लोक गीत- लोक नृत्य की कार्यशाला

नैनीताल
हमारे संवाददाता

जिले के भीमताल विकास खंड के तहत राजकीय इंटर कालेज भूमियाधार में उत्तराखंड के परंपरा संस्था के निदेशक व वरिष्ठ रंगकर्मी व विभिन्न लोक विधाओं में दक्षता हासिल कर चुके बृजमोहन जोशी द्वारा कालेज के वरिष्ठ प्रवक्ता त्रिभुवन आर्य के व्यक्तिगत अनुरोध पर विद्यार्थियों को कुमाऊंनी लोक गीत -कुमाऊंनी लोक नृत्य की प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की गयी। इस मौके पर प्रधानाचार्य त्रिभुवन आर्य द्वारा कहा गया कि विद्यार्थियों को कुमाऊंनी लोक संस्कृति के विविध आयामों की जानकारी देने के उद्देश्य से समय समय पर व्यक्तिगत रूप से यह प्रयास जा रहे हैं उनके व्यकित्व प्रयास के तहत वर्ष 2023 में भी बृज मोहन जोशी द्वारा विद्यालय के विद्यार्थियों को कुमाऊंनी होली का प्रशिक्षण कार्यशाला के माध्यम से दिया जा चुका है। कहा कि बृजमोहन जोशी जो एक बहु आयामी व्यक्तित्व हैं एक रंगकर्मी हैं,लोक कलाकार हैं,लोक चित्रकार है साहित्यकार हैं तथा एक प्रसिद्ध छायाकार भी हैं और विगत 35 वर्षों से कुमाऊंनी लोक संस्कृति के विभिन्न आयामों का प्रशिक्षण कार्यशाला के माध्यम से युवाओं व विद्यार्थियों को देते आ रहे हैं। वर्तमान में जोशी पारंपरिक लोक संस्था परंपरा नैनीताल के माध्यम से कार्य कर रहे हैं। जोशी द्वारा परंपरा वार्षिक विशेषांक के 12 अंक राजकीय इंटर कालेज भूमियाधार के पुस्तकालय हेतु प्रधानाचार्य त्रिभुवन आर्य को भेंट किये गये।



## NEWS / फटाफट

### तहसीलदार भट्ट ने किया सीएससी सेंटरों का निरीक्षण



नैनीताल । नैनीताल शहर में तहसीलदार अक्षय कुमार भट्ट के नेतृत्व में तहसील प्रशासन की टीम ने सोमवार को नगर के विभिन्न सीएससी सेंटरों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान टीम ने हिल्टून कंप्यूटर जनसेवा केंद्र तल्लीताल,नवनी जन सेवा केंद्र,कलस जनसेवा केंद्र,विबगयोर जन सेवा केंद्र समेत कई केंद्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान जिन-जिन केंद्रों में जो भी खामिया टीम को मिली,उन्हें शीघ्र दूर करने की हिदायत दी गयी।

### नंदा देवी महोत्सव में चप्पे.चप्पे पर पुलिस की नजर

**नैनीताल।** नंदा देवी महोत्सव के शांतिपूर्ण और सुरक्षित आयोजन को लेकर नैनीताल पुलिस पूरी तरह मुस्तैद है। एसएसपी डॉ. मंजुनाथ टीण्सीण् के निर्देशन में मेला क्षेत्र में कानून.व्यवस्था बनाए रखने और श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए पुलिस लगातार सक्रिय है। एसपी संचार रेवाधर मठपाल, सीओ नैनीताल अंजना नेगी, सीओ भवाली रविकांत सेमवाल और मल्लीताल कोतवाल राजेंद्र सिंह रावत पुलिस टीम के साथ मेला क्षेत्र में पैदल गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा ले रहे हैं। पुलिस की ओर से लगातार अनाउंसमेंट और व्यक्तिगत संपर्क के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जा रहा है। श्रद्धालुओं से मोबाइलए पर्सए जेवरात सहित कीमती सामान का ध्यान रखने तथा बच्चों और बुजुर्गों की सुरक्षा को लेकर सतर्क रहने की अपील की जा रही है। भीड़ में संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने के लिए सादे कपड़ों में भी पुलिसकर्मी तैनात किए गए हैं। एसपी संचार रेवाधर मठपाल ने बताया कि संदिग्ध लोगों से पूछताछ की जा रही है और श्रद्धालुओं से सतर्क रहने की अपील की जा रही है।

### नैनीताल में इंटर स्कूल शतरंज प्रतियोगिता की तैयारी शुरु

**नैनीताल** । पर्वतीय सांस्कृतिक समिति के तत्वावधान में तेरहवीं इंटर स्कूल शतरंज प्रतियोगिता चार अक्टूबर से गोवर्धन हॉल मल्लीताल में आयोजित की जाएगी। समिति के अध्यक्ष ईश्वर दत्त तिवाड़ी ने बताया कि प्रतियोगिता में 9,11,13,15 तथा 18 आयु वर्ग के बालक-बालिकाएं प्रतिभाग करेंगे। प्रत्येक वर्ग में आठवें स्थान तक के विजेताओं के साथ सांत्वना पुरस्कार भी दिए जाएंगे। प्रतियोगिता में कुल 60 पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। प्रतिभागियों के लिए प्रवेश शुल्क 500 रुपये निर्धारित किया गया है। इसमें प्रातः जलपान और मध्याह्न भोजन निशुल्क मुहैया कराया जाएगा। बताया कि समिति वर्ष 1992 से नैनीताल में शतरंज प्रतियोगिताओं और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन करती आ रही है। संस्था के 34 वर्ष पूरे होने के अवसर पर इस बार प्रतियोगिता को विशेष और भव्य रूप दिया जा रहा है। प्रतियोगिता को सफल बनाने में ईश्वर दत्त तिवाड़ी समेत विश्वकेतु वैद्य, दिव्यांशु तिवाड़ी, शेर सिंह बिष्ट, मुकेश बच्चन और तोषित तिवाड़ी आदि जुटे हुए हैं।

### भीमताल ब्लॉक के सभी स्कूलों में लगेंगे आरओ

**नैनीताल** । छात्र छात्राओं को शुद्ध पेयजल मुहैया कराने के लिए विकासखंड भीमताल के सभी सरकारी, अर्द्धशासकीय एवं निजी विद्यालयों में आरओ (वॉटर प्यूरिफायर) संयंत्र लगाए जाने की मांग की गई है। क्षेत्र पंचायत भीमताल के ब्लॉक प्रमुख डॉ. हरीश सिंह बिष्ट ने इस संबंध में मुखय शिक्षा अधिकारी नैनीताल को पत्र भेजा है। पत्र में कहा गया है कि पर्वतीय क्षेत्र होने और मौसम में बदलाव के कारण कई बार बच्चों को विद्यालयों में शुद्ध पेयजल मुहैया नहीं हो पाता है। इससे उनके स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की संभावना बनी रहती है। विद्यार्थियों को स्वच्छ एवं सुरक्षित वातावरण मुहैया कराना सभी की प्राथमिक जिम्मेदारी है। कहा कि विकासखंड के सभी विद्यालयों में वाटर प्यूरिफायर स्थापित करने से बच्चों को जलजनित बीमारियों से बचाने में मदद मिलेगी और उनके स्वास्थ्य स्तर में भी सुधार होगा। उन्होंने छात्रहित एवं जनस्वास्थ्य को गंभीरता से लेते हुए सभी विद्यालयों में प्राथमिकता के आधार पर आरओ संयंत्र लगाए जाने की मांग की है। उन्होंने मुख्य शिक्षा अधिकारी से विद्यालयों में आरओ संयंत्र लगाए जाने के साथ की गई कार्रवाई से उन्हें भी अवगत कराने का अनुरोध किया है।

## नैनीताल पालिका ने चलाया सैल्फी विथ जूट बैगस जागरूकता अभियान

नैनीताल
हमारे संवाददाता

नगर पालिका परिषद नैनीताल द्वारा मां नंदा महोत्सव में पर्यावरण संरक्षण एवं सिंगल यूज प्लास्टिक के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से सोमवार को सैल्फी विथ जूट बैगस जागरूकता अभियान चलाया गया।

अभियान के दौरान स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं द्वारा हस्तनिर्मित जूट एवं कपड़े के आकर्षक बैगों की प्रदर्शनी लगाई गई। इस पहल के माध्यम से स्थानीय महिलाओं के हस्तशिल्प एवं स्वरोजगार को प्रोत्साहित करने के साथ ही आमजन को प्लास्टिक के स्थान पर पर्यावरण.अनुकूल विकल्प अपनाने का संदेश दिया गया। अभियान के तहत लोगों को जूट एवं कपड़े के बैग के साथ सेल्फी लेने के लिए प्रेरित किया गया। इसका उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के संदेश को जन-




जन तक पहुंचाना तथा दैनिक जीवन में सिंगल यूज़ प्लास्टिक के उपयोग को कम करने के लिए सामूहिक भागीदारी सुनिश्चित करना है।

नगर पालिका की ओर से लोगों से अपील की गई कि प्लास्टिक को ना कहें और जूट एवं कपड़े के बैग अपनाएं। मां नंदा देवी के पावन पर्व के अवसर पर नैनीताल की झीलए प्राकृतिक सौंदर्य और पर्यावरण को स्वच्छ एवं सुरक्षित रखने का संकल्प लें।

## नैनीताल जिला अस्पताल में बढ़े बुखार के मरीज

**नैनीताल।** मौसम में बदलाव के बीच नैनीताल के राजकीय बीडी पांडे जिला अस्पताल में बुखार के मरीजों की संख्या बढने लगी है। सोमवार को अस्पताल की ओपीडी में कुल 615 मरीज उपचार के लिए पहुंचे। इनमें बड़ी संख्या बुखार और वायरल फीवर से पीड़ित मरीजों की बताई जा रही है।

अस्पताल प्रबंधन से मिली जानकारी के अनुसार इन दिनों बुखार, सर्दी.जुकाम और वायरल संक्रमण से संबंधित मरीज लगातार अस्पताल पहुंच रहे हैं। वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. महिमन सिंह दुग्ताल ने बताया कि मौसम में बदलाव के कारण इन दिनों वायरल फीवर के मामलों में बढ़ोतरी देखी जा रही है। उन्होंने लोगों को बदलते मौसम में विशेष सावधानी बरतने की सलाह दी। डॉ. दुग्ताल के अनुसार बुखार होने पर स्वयं दवा लेने के बजाय चिकित्सक से परामर्श लेना चाहिए। साथ ही पर्याप्त पानी पीनेए साफ.सफाई का ध्यान रखने और भीड़भाड़ वाले स्थानों पर आवश्यक सावधानी बरतने की सलाह दी गई है।

**नोट**

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
-संपादक

पूर्व प्रधान संपादकः
स्व. वेदप्रकाश गुप्ता
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
श्रीमती आदेश अग्रवाल द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल
प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी
न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापकः स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

# अभिमत

## बहुत हो चुका!

*हिमालय के ग्लेशियर पर अनेक नदियों का अस्तित्व कायम है। इन नदियों से भारत, नेपाल, भूटान, बांग्लादेश, पाकिस्तान, चीन की करीब दो अरब आबादी की आजीविका निर्भर है। प्राकृतिक आपदाओं में बढ़ोतरी से संकेत मिल रहा है कि प्रकृति अब अनियोजित विकास का बदला ले रही है। प्रकृति अब कह रही है कि बहुत हो चुका विकास। पर्यावरणविद लगातार कहते आ रहे हैं कि हिमालय पर विकास के तरीके पर सोचने की जरूरत है। उत्तराखंड के संदर्भ में यह बात विशेष तौर पर ध्यान देने की है।*

हिमालय की बदलती परिस्थितियां कई देशों के लिए चिंताजनक हैं। हिमस्खलन से नेपाल के साथ भारत का बड़ा हिस्सा प्रभावित हुआ है। हिमालय में ग्लेशियर सिमटने का क्रम बढ़ता जा रहा है। ग्लोबल वार्मिंग और कार्बन उत्सर्जन से ग्लेशियर को नुकसान हो रहा है। हिमालय के ग्लेशियर पर अनेक नदियों का अस्तित्व कायम है। इन नदियों से भारत, नेपाल, भूटान, बांग्लादेश, पाकिस्तान, चीन की करीब दो अरब आबादी की आजीविका निर्भर है। प्राकृतिक आपदाओं में बढ़ोतरी से संकेत मिल रहा है कि प्रकृति अब अनियोजित विकास का बदला ले रही है। प्रकृति अब कह रही है कि बहुत हो चुका विकास। पर्यावरणविद लगातार कहते आ रहे हैं कि हिमालय पर विकास के तरीके पर सोचने की जरूरत है। उत्तराखंड के संदर्भ में यह बात विशेष तौर पर ध्यान देने की है। विकास के नाम पर प्रकृति के विनाश से भविष्य अंधकारमय हो जायेगा। विकास के नाम पर पहाड़ को खोखला करके सुरंग बनाना, चौड़ी सड़कों के निर्माण के लिए पहाड़ को तोड़ना और पेड़ों को काटकर पहाड़ को आवरण विहीन करना खतरनाक साबित हो रहा है। हजारों टन बर्फ की चट्टानें टूटकर गिर जाने और ग्लेशियर से बनी झील के फटने की घटनाएं सामने आ रही हैं। वर्ष 2013 में श्रीकेदारनाथ धाम की आपदा में हजारों लोगों की मौत के बाद भी हिमालय क्षेत्र में प्रकृति से खिलवाड़ बंद नहीं किया गया। केन्द्र सरकार ने श्रीकेदारनाथ की आपदा को राष्ट्रीय त्रासदी घोषित किया था। पर्यावरणविदों और वैज्ञानिकों ने प्रकृति के साथ अन्याय का नतीजा बताया था। ग्लेशियर टूटने से नेपाल में तबाही के साथ ही उत्तर प्रदेश और बिहार में भी दुष्परिणाम भुगतने पड़े। सड़कों को विकास की जीवन रेखा कहा जाता है। यातायात के लिए सड़क जरूरी है, लेकिन सड़क निर्माण से पहले उस स्थान की प्राकृतिक परिस्थिति का गहन परीक्षण किया जाना चाहिए। उत्तराखंड में ब्रिटिश शासनकाल के दौरान बनी सड़कों को चौड़ा करने से भूस्खलन हो रहा है। यातायात सुरक्षा के मानक पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। पेड़ काटकर जंगल खत्म किये जा रहे हैं। हिमालय क्षेत्र में सड़क दुर्घटनाएं बढ़ रही हैं। सड़क निर्माण के साथ ही ट्रेन के लिए पहाड़ के अंदर सुरंग बनाई जा रही हैं। पहाड़ दरक गये हैं। बहुमंजिला इमारतों का बोझ पहाड़ सहन नहीं कर पा रहे हैं।

# श्री मां नंदा देवी महोत्सवःमहाभंडारे में किया प्रसाद ग्रहण





**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

नगर की प्रतिष्ठित धार्मिक संस्था श्री राम सेवक सभा के तत्वावधान में चल रहे 124वें आठ दिवसीय श्री मां नंदा देवी महोत्सव के तहत सोमवार को छठवें दिन डीएसए मैदान में विशाल महाभंडारे का आयोजन किया गया जिसमें सैकड़ों भक्तों ने मां का प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान मां के जयकारों से पूरा मैदान गूंज उठा।

इससे पूर्व रोज ही की तरह मंदिर में देवी पूजन कार्यक्रम हुआ,सोमवार को भी नैनीताल समेत दूर दराज क्षेत्रों से मां नंदा व सुनंदा के दर्शन को भक्तों का तांता लगा रहा। महोत्सव के संचालन में श्री राम सेवक सभा के अध्यक्ष मनोज साह, महासचिव जगदीश चंद्र बवाडी समेत मुकेश जोशी, कमलेश ढौडियाल, इंद्र सिंह नेगी, देवेंद्र लाल साह, डा.मोहित सनवाल, हरीश सिंह राणा, घनश्याम लाल साह, अशोक साह, राजेंद्र बिष्ट ,बिमल चौधरी,विमल साह, गिरीश जोशी, राजेंद्र लाल साह, मुकुल जोशी सहित भुवन बिष्ट,एडवोकेट मनोज साह, भीमसिंह कार्की,मोहित लाल साह,दीपक साह, रोहित कुंवर दिन भर लगे रहे । श्री राम सेवक सभा के बाल कलाकारों ने दीपक साह के निर्देशन में भोजन वितरित किया।

महोत्सव के तहत शाम को हुई पंच आरती में हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति आलोक मेहरा सपत्नीक, विधायक सरिता आर्य समेत पुलिस कप्तान डॉ मंजूनाथ टीसी शामिल हुए । पंडित भगवती प्रसाद जोशी द्वारा पंच आरती संपन्न कराई । महोत्सव के तहत आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों के मुखय संयोजक डा.मोहित सनवाल ने अपने सहयोगियों की मदद से कार्यक्रमों के संचालन में कोई कोर कसर बांकी नहीं छोड़ी। इस दौरान झंकार कल्चरल सोसाईटी बागेश्वर की अध्यक्ष भावना कार्की, आरोह सांस्कृतिक कला समिति नैनीताल के कलाकारों ने दल नायक रीना आर्या,नई दिशाएं समिति नैनीताल के दल नायक किशन लाल के नेतृत्व में कलाकारों ने कई सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन कर दर्शकों को अंत तक बैठने के लिए मजबूर कर दिया।

### सीधा प्रसारण में कई गंभीर विषयों पर हुआ मंथन

महोत्सव के सीधा प्रसारण में अध्यात्म, देवी के भजन, कैंसर पर चर्चा हुई । जीआईसी सूपी के विद्यार्थियों ने पहाड़ी गीत प्रस्तुत किए वहीं नगरपालिका अध्यक्ष डॉ सरस्वती खेतवाल, पुलिस कप्तान डॉ मंजूनाथ टीसी, सेवा समिति के लोगो के साथ कई विषयों पर चर्चा हुई। नगरपालिका सभासदों ने नैनीताल की समस्याओं पर चर्चा की वहीं सीधे प्रसारण में प्रो. नीता बोरा, अक्षोभ सिंह,प्रो. गिरीश रंजन तिवारी, निधि, दर्जा राज्य मंत्री शांति मेहरा, कूर्मांचल बैंक के अध्यक्ष विनय साह, फ ोटोग्राफ र प्रखर साह, आशा शर्मा,नवीन तिवारी,सभासद भगवत रावत, गजाला कमाल, सुरेंद्र कुमार,राकेश पवार, मीनू बुदलाकोटी, दीपिका बिनवाल, डॉ भुवन आर्य समेत मंगोली से गणेश मेहरा परिवार के लोग आदि ने विभिन्न सामाजिक विषयों पर चर्चा की। संचालन प्रो. ललित तिवारी, डॉ कपिल जोशी, हेमंत बिष्ट, नवीन पांडे व मीनाक्षी कीर्ति ने किया ।

## काशीपुरः नाले में मिला 55 वर्षीय व्यक्ति का शव

**काशीपुर।** काशीपुर कोतवाली आईटीआई क्षेत्र के चौकी पैगा अंतर्गत एनएच-7 पर नरोला नाले के किनारे एमएस फूड कोड के पास एक 55 वर्षीय व्यक्ति का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई।

पुलिस के अनुसार 21 सितंबर 2026 को डायल 112 पर सूचना मिली कि लापता व्यक्ति का शव नदी में मिला है। सूचना पर उपनिरीक्षक सुशील कुमार पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे।

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम किशोर से बदलकर किशोर चन्द्र काण्डपाल रख लिया है। अतः भविष्य में मुझे किशोर चन्द्र काण्डपाल (KISHOR CHANDRA KANDPAL) नाम से जाना, पहचाना जाये। - **किशोर चन्द्र काण्डपाल पुत्र प्रेम बल्ल्भ काण्डपाल, गैर वैशाली बिठोरिया नं. 1, हरिपुर नायक, हल्द्वानी, नैनीताल (उत्तराखण्ड)**

## सारथी फाउंडेशन समिति ने प्राथमिक विद्यालय बमोरी को भेंट किए 2 इलेक्ट्रिक कूलर

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता

5मस भरी भीषण गर्मी से स्कूली बच्चों को राहत दिलाने के लिए सारथी फाउंडेशन समिति ने मानवीय पहल करते हुए राजकीय प्राथमिक विद्यालय, बमोरी नगर को डा0 सुरेश टम्टा जी के द्वारा विशेष सहयोग से 2 इलेक्ट्रिक कूलर भेंट किए। संस्था के अध्यक्ष नवीन पंत एवं सचिव ज्ञानेंद्र जोशी ने विद्यालय परिसर में आयोजित एक संक्षिप्त कार्यक्रम में विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती चम्पा पुरोहित को दोनों इलेक्ट्रिक कूलर सौंपे। इस अवसर पर अध्यक्ष नवीन पंत ने कहा कि वर्तमान में पड़ रही उमस भरी गर्मी में छोटे-छोटे बच्चों को कक्षा में बैठने में परेशानी हो रही थी। बच्चों की समस्या को देखते हुए समिति द्वारा तत्काल इलेक्ट्रिक कूलर की व्यवस्था की गई है।सचिव ज्ञानेंद्र जोशी ने कहा कि सारथी फाउंडेशन समिति निरंतर शिक्षा, स्वास्थ्य और जनसेवा के क्षेत्र में कार्य कर रही है। उन्होंने संस्था सहयोगियों के इस सामाजिक कार्य की सराहना की। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।




## कार्मिकों की सूचना मुहैया न कराने वालों का वेतन रोकने के दिए निर्देश

**नैनीताल।** आगामी आगामी विधानसभा सामान्य निर्वाचन-2027 के दृष्टिगत जनपद में मतदान एवं मतगणना कार्मिकों की व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा तैयारियां की जा रही हैं। इसी क्रम में नैनीताल जिले में स्थित केन्द्र एवं राज्य सरकार के समस्त सरकारी/ अर्द्धसरकारी विभागों, कार्यालयों तथा शिक्षण संस्थानों में कार्यरत अधिकारियों, कर्मचारियों एवं शिक्षकों का विवरण निर्धारित प्रारूप में मुहैया कराया जाना अनिवार्य किया गया है। जिला मजिस्ट्रेट एवम् जिला निर्वाचन अधिकारी ललित मोहन रयाल ने मुखय कोषाधिकारी नैनीताल को निर्देश दिए हैं कि जिला सूचना विज्ञान अधिकारी नैनीताल द्वारा मुहैया कराई गई सूची/ प्रमाण पत्र के आधार पर ही संबंधित विभागाध्यक्ष/ कार्यालयाध्यक्ष के माह सितंबर- 2026 के वेतन का आहरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया है कि जिन विभागाध्यक्षों/कार्यालयाध्यक्षों द्वारा आगामी विधानसभा सामान्य निर्वाचन-2027 के लिए अधिकारियों व कर्मचारियों एवं शिक्षकों का वांछित विवरण निर्धारित प्रारूप में मुहैया नहीं कराया गया है।

# फिल्मी दुनिया

## देर रात लालबागचा राजा पहुंचे शाहरुख खान, लिया आशीर्वाद





*सोमवार देर रात शाहरुख खान मुंबई के मशहूर लालबागचा राजा के दर्शन करने पहुंचे। इस दौरान उनका परिवार भी साथ था।*

*गणेश चतुर्थी के मौके पर अभिनेता शाहरुख खान मुंबई के मशहूर लालबागचा राजा पंडाल में पहुंचे। उनके साथ उनकी पत्नी गौरी खान, बेटी सुहाना खान और मैनेजर पूजा ददलानी भी मौजूद थीं। सामने आए वीडियो में अभिनेता भगवान गणेश के सामने सिर झुकाकर आशीर्वाद लेते हुए दिखाई दे रहे हैं। नेवी ब्लू पठानी कुर्ता सेट पहने और माथे पर पारंपरिक लाल तिलक लगाए शाहरुख ने कड़ी सुरक्षा के बीच अपने परिवार और टीम के सदस्यों के साथ भगवान के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त की। हजारों श्रद्धालुओं की भीड़ के बीच से गुजरते हुए 60 वर्षीय अभिनेता ने मूर्ति के सामने पुष्प अर्पित किए। यह दौरा गणेश चतुर्थी के दौरान शहर के सार्वजनिक उत्सवों और रीति-रिवाजों में शामिल होने की उनकी पुरानी परंपरा का हिस्सा है। पंडाल के अंदर वीडियो में अभिनेता को मूर्ति के पैर छूते हुए देखा गया, जबकि गौरी, सुहाना और पूजा भी सम्मान जाहिर करने के लिए उनके ठीक पीछे थीं। वहां से निकलने से पहले, उन्होंने पंडाल के आयोजकों और स्टाफ सदस्यों से बातचीत की।*

### फैंस का किया अभिवादन

*पंडाल से लौटत कर अपनी कार में बैठते समय शाहरुख खान ने फैंस का अभिवादन भी किया। वीडियो में भारी सुरक्षा के बीच भीड़ को सुपरस्टार के साथ सेल्फी लेने की कोशिश करते हुए भी देखा गया। शाहरुख अपनी अगली बड़ी फिल्म किंग के लिए तैयार हैं, जो 24 दिसंबर, 2026 को दुनिया भर के सिनेमाघरों में रिलीज होगी। बड़े पैमाने पर बन रही इस एक्शन थ्रिलर फिल्म में दीपिका पादुकोण, सुहाना खान, अभिषेक बच्चन और रानी मुखर्जी जैसे कई कलाकार शामिल हैं।*

## चार राज्यों में ताले तोड़ता था गैंग, हल्द्वानी में चोरी का माल बेचने पहुंचा तो दबोचा गया

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता

घरों पर ताले लगते ही सक्रिय होने वाला एक कथित इंटर-स्टेट नकबजन गिरोह आखिरकार मुखानी पुलिस के रडार पर आ गया। रक्षाबंधन की रात मुखानी क्षेत्र में घर का ताला तोड़कर जेवरात और नगदी उड़ाने के मामले की जांच करते हुए पुलिस ने गिरोह के एक सदस्य को चोरी के लाखों रुपये के सोने-चांदी के आभूषणों के साथ गिरफ्तार किया है। पूछताछ में गिरोह के तार उत्तराखंड समेत उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल और कर्नाटक तक जुड़े होने की जानकारी सामने आई है।

मुखानी पुलिस के मुताबिक 27 से 30 अगस्त के बीच लालपुर नायक क्षेत्र निवासी नवीन पनेरु के घर का ताला तोड़कर अज्ञात चोरों ने सोने-चांदी के जेवरात और नगदी चोरी कर ली थी। मामले में 31 अगस्त को कोतवाली मुखानी में मुकदमा दर्ज किया गया । जांच के दौरान मिले सुरागों के आधार पर पुलिस ने ग्रीनवुड ग्लोबल स्कूल के पास से तारिक फहीम निवासी अकरौली, थाना बनियाठेर, जिला संभल को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी के कब्जे से दो पीली धातु की चेन, दो पीली धातु के टॉप्स और दो सफेद धातु की पायल बरामद हुईं। बरामद जेवरात की अनुमानित कीमत करीब 2.50 लाख रुपये बताई गई है।

पूछताछ में आरोपी ने पुलिस को बताया कि उसने अपने साथी कदीर और जफर, दोनों निवासी अकरौली, के साथ मिलकर रक्षाबंधन की रात मुखानी क्षेत्र में मकान का ताला तोड़कर चोरी की थी। चोरी का माल तीनों ने आपस में बांट लिया था। पुलिस के मुताबिक तारिक अपने हिस्से के जेवर बेचने के लिए हल्द्वानी पहुंचा था, लेकिन इससे पहले ही पुलिस के हत्थे चढ़ गया। उडुपी से मुर्शिदाबाद तक वारदातों की कड़ियां

जांच में पुलिस को गिरोह की कथित गतिविधियों के तार कर्नाटक के उडुपी, पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद, उत्तर प्रदेश के बनियाठेर और उत्तराखंड के मुखानी क्षेत्र से जुड़े होने की जानकारी मिली है। गिरोह का खुलासा करने वाली पुलिस टीम के उत्साहवर्धन के लिए एसएसपी नैनीताल डॉ. मंजूनाथ टीसी ने 1500 रुपये के नगद पुरस्कार की घोषणा की है। पुलिस टीम में उपनिरीक्षक दीपा भट्ट, चौकी प्रभारी आरटीओ; उपनिरीक्षक सुनील गोस्वामी; कांस्टेबल सुनील आर्य और कांस्टेबल बलवंत सिंह शामिल रहे।

# ऑल सेंट्स कॉलेज में 18वीं एक्वेटिक मीट आयोजित, रूही कसाना ने बनाया नया रिकॉर्ड

नैनीताल

हमारे संवाददाता



ऑल सेंट्स कॉलेज नैनीताल के तरणताल में सोमवार को विद्यालय की 18वीं एक्वेटिक मीट का भव्य आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का आगाज प्रतिभागियों ने तरणताल पर आकृति बनाकर सभी अतिथियों के स्वागत के साथ किया।

प्रतियोगिता में सब जूनियर, जूनियर, मिडिल एवं सीनियर वर्ग की छात्राओं ने विभिन्न तैराकी स्पर्धाओं में उत्साहपूर्वक प्रतिभाग करते हुए अपने कौशलए साहस और खेल प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया।प्रतियोगिता के दौरान फ्री स्टाइल, ब्रेस्ट स्ट्रोक, बैक स्ट्रोक एवं बटरफ्लाई स्ट्रोक की 25 मीटर, 50 मीटर तथा 1000 मीटर स्पर्धाएं आयोजित की गईं। इसके अतिरिक्त 8 गुणा 25 मीटर रिले रेस तथा 100 0 मीटर मेडले रेस तथा अंतर.सदन रिले रेस में भी छात्राओं ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। कक्षा 1 एवं 2 के विद्यार्थियों के लिए लाइफ जैकेट रेस आयोजित की गई जबकि नर्सरी से यूकेजी तक के नन्हे.मुन्ने बच्चों ने बबल ड्रम रेस में प्रतिभाग कर अपनी तैराकी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में कक्षा 3 की छात्रा रूही कसाना ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 23.66 सेकंड में अपनी रेस पूरी की और पूर्व रिकॉर्ड को पीछे छोड़ते हुए नया रिकॉर्ड कायम किया। उनकी इस कामयाबी ने प्रतियोगिता में विशेष आकर्षण पैदा किया।एक्वेटिक मीट 2026 में जूनियर वर्ग में अमानत कौर शोकर, मिडिल वर्ग में नंदिनी बिष्ट तथा सीनियर वर्ग में नंदिनी बेलवाल और नव्या सिंह को बेस्ट स्विमर का पुरस्कार प्रदान किया गया वहीं मिडिल वर्ग की नंदिनी बिष्ट को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए स्विमर ऑफ द मीट के खिताब से नवाजा गया। प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले रॉबिन्सन सदन को एक्वाटिक शील्ड -2026 प्रदान की गई। कार्यक्रम के मुखय अतिथि शेरवुड कॉलेज नैनीताल के प्रधानाचार्य अमनदीप संधू ने प्रतिभागी छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें निरंतर अभयास और इसी प्रकार तैराकी के प्रति समर्पित रहने का आह्वान किया। उन्होंने ऑल सेंट्स कॉलेज की पूर्व प्रधानाचार्या श्रीमती किरण जर्माया के योगदान को भी स्मरण किया और विद्यालय में तैराकी प्रतियोगिताओं की मजबूत परंपरा तथा तरणताल की स्थापना की नींव रखने के लिए उनके प्रयासों की सराहना की। विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती ऐंजिना रिचर्ड्स ने एक्वेटिक मीट के सफल आयोजन के लिए प्रभु का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी अतिथियों, अभिभावकों, शिक्षकों, खेल विभाग एवं विद्यालय के समस्त कर्मचारियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। संचालन नंदिता चट्टोपाध्याय एवं ज्योतिका गिल ने किया।

कार्यक्रम में सेंट जोसफ कॉलेज के प्रधानाचार्य ब्रदर सेबेस्टियनए सेंट मैरीज कॉन्वेंट कॉलेज की प्रधानाचार्या सिस्टर टॉमसीए बिरला विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य अनिल कुमार शर्मा एवं आशा शर्मा, लॉन्ग व्यू पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य भुवन त्रिपाठी एवं नूपुर त्रिपाठी, वृन्दावन पबलिक स्कूल की प्रधानाचार्या राखी साह एवं आलोक साह, धारी की पूर्व बलॉक प्रमुख शांति बिष्ट, हरेन्द्र सिंह बिष्ट, हिलामय होटल के आलोक साह एवं गीता साह, रेवरेंड जॉन जॉर्ज मुन्नवर सहित विद्यालय के खेल विभागाध्यक्ष गोपाल सिंह बिष्ट, प्रीति आर्याए भुवन पडियारए कामाक्षी बिष्ट, मयंक रावत, दीक्षित बिष्ट सहित बड़ी संखया में छात्राओं के अभिभावक एवं खेल प्रेमी उपस्थित रहे।

## News कॉर्नर

### सीएचसी देवायल में कांग्रेसियों ने की तालाबंदी

अल्मोड़ा। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) देवायल की बदहाल स्वास्थ्य व्यवस्थाओं के विरोध में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सोमवार को पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत अस्पताल में तालाबंदी कर प्रदर्शन किया। करीब 35 से 45 मिनट तक मुख्य गेट बंद रखा गया। मरीजों और तीमारदारों को परेशानी होने लगी तो कार्यकर्ताओं ने ताला खोल दिया और अस्पताल परिसर में सांकेतिक धरना जारी रखा। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कहा कि 16 सितंबर को जिला प्रशासन के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजकर सीएचसी देवायल की व्यवस्थाओं में सुधार, उच्चीकृत सीएचसी को पूर्ण सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का दर्जा देने और विशेषज्ञ चिकित्सकों की तैनाती की मांग की गई थी। मांगें पूरी नहीं होने पर तालाबंदी की चेतावनी दी गई थी। विशेषज्ञ चिकित्सकों की कमी के कारण मरीजों को रामनगर, हल्द्वानी समेत अन्य शहरों में उपचार के लिए रेफर किया जा रहा है।

# डायलिसिस शुरू होते ही टूटी जिंदगी की डोर, स्टाफ की कमी पर फिर उठे सवाल

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

जिंदगी बचाने की उम्मीद लेकर बेस अस्पताल के डायलिसिस सेंटर पहुंची लक्ष्मी देवी की इलाज के दौरान मौत हो गई। डायलिसिस शुरू होते ही उनकी सांस उखड़ने लगी। स्वास्थ्यकर्मियों ने तत्काल प्रक्रिया रोककर ऑक्सीजन दी, लेकिन हालत में सुधार के बाद दोबारा डायलिसिस शुरू करने की तैयारी के दौरान अचानक कार्डिएक अरेस्ट पड़ गया। डॉक्टरों ने सीपीआर देकर उन्हें बचाने की पूरी कोशिश की, मगर जिंदगी की डोर नहीं बच सकी।

लक्ष्मी देवी नियमित डायलिसिस के लिए दोपहर में सेंटर पहुंची थीं। प्रक्रिया शुरू होने के कुछ ही देर बाद उन्हें सांस लेने में गंभीर परेशानी होने लगी। ड्यूटी पर मौजूद स्वास्थ्यकर्मियों ने तत्काल मशीन हटाकर ऑक्सीजन सपोर्ट दिया। डायलिसिस सेंटर के डॉक्टर अभिषेक



के मुताबिक ऑक्सीजन देने के बाद उनकी हालत में कुछ सुधार हुआ था। इसके बाद दोबारा प्रक्रिया शुरू करने की तैयारी चल ही रही थी कि उन्हें कार्डिएक अरेस्ट पड़ गया।

महिला की मौत के बाद डायलिसिस सेंटर की व्यवस्थाओं को लेकर सवाल फिर उठने लगे हैं। मरीजों और तीमारदारों की ओर से सेंटर में पानी और पर्याप्त स्टाफ की कमी की शिकायतें सामने आती रही हैं। ऐसे में घटना के बाद इन व्यवस्थाओं को लेकर चर्चा तेज हो गई है। स्थानीय पार्षद रोहित कुमार ने सेंटर पहुंचकर मरीजों की समस्याओं की जानकारी ली और व्यवस्थाओं से जुड़े मुद्दे पीएमएस के सामने रखे।

**निरीक्षण**

- बेस अस्पताल में 66 वर्षीय महिला की मौत से हड़कंप
- पानी और स्टाफ की कमी पर फिर उठे सवाल

### पीएमएस ने दिए तत्काल सुधार के निर्देश

घटना की गंभीरता को देखते हुए पीएमएस डॉ. एमके तिवारी ने डायलिसिस सेंटर प्रबंधन को व्यवस्थाओं में तत्काल सुधार के निर्देश दिए। उन्होंने सेंटर की समस्याओं से उच्च अधिकारियों को भी अवगत कराया। पीएमएस ने भरोसा दिलाया कि पानी, स्टाफ और अन्य जरूरी व्यवस्थाओं को जल्द दुरुस्त कराया जाएगा, ताकि मरीजों को इलाज के दौरान किसी तरह की परेशानी न हो।

# किच्छा और सिरौलीकला नगर पालिका क्षेत्र में मतदान शुरू

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

मंगलवार को सुबह 8 बजे से किच्छा नगर पालिका और सिरौली कला नगर पालिका अध्यक्ष समेत सभासद के लिए मतदान शुरू हो गया। मतदान प्रक्रिया का निरीक्षण करने जिला निर्वाचन अधिकारी/ डीएम नितिन सिंह भदौरिया किच्छा पहुंचे और उन्होंने नवीन फल मंडी किच्छा पोलिंग बूथ का निरीक्षण किया। नोडल अधिकारी एवं जिला सूचना अधिकारी के मुताबिक मतदान शांतिपूर्व चल रहा। जिला निर्वाचन अधिकारी ने चुनाव में तैनात कर्मियों को मतदान शांतिपूर्व कराने के निर्देश दिए हैं। उधर मतदान शांतिपूर्व हो इसके लिए सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। उधर पोलिंग बूथों पर मतदाताओं की लंबी लंबी कतारें लग गई। मतदाताओं में मतदान को लेकर उत्साह देखने को मिल रहा।

**निरीक्षण**

- डीएम/ जिला निर्वाचन अधिकारी पहुंचे किच्छा, पोलिंग बूथ का निरीक्षण किया



# उद्यमिता बूट कैंप का आयोजन, महिला उद्यमियों को मिला मार्गदर्शन

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

आईआईएम काशीपुर, (फ्रीड) द्वारा उत्तराखंड ग्रामीण विकास समिति (यूजीवीएस) के सहयोग से ग्रामीण उद्यम त्वरण परियोजना (रीप) के अंतर्गत नगर निगम सभागार, हल्द्वानी में एक दिवसीय उद्यमिता बूट कैंप का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य महिला उद्यमियों एवं ग्रामीण क्षेत्रों में उद्यमिता के इच्छुक लोगों को व्यवसाय विकास, नवाचार, वित्तीय समझ एवं बाजार से जुड़ाव के संबंध में मार्गदर्शन प्रदान करना था।

कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि प्रो. जगदीश प्रसाद साहू एवं विशिष्ट अतिथि पीडी शिल्पी पंत व प्रो. के.के. पांडेय सहित अन्य अतिथियों द्वारा किया गया। इस अवसर पर अतिथियों ने उद्यमिता को बढ़ावा देने तथा महिलाओं को स्वरोजगार एवं व्यवसाय विकास के अवसरों से जोड़ने के महत्व पर अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आईआईएम काशीपुर के प्रो. जगदीश प्रसाद साहू ने महिला प्रतिभागियों को उद्यमिता, व्यवसाय की संभावनाओं, व्यावसायिक विचारों को व्यवहार में लाने तथा उद्यमों के विकास से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने महिलाओं को अपने कौशल एवं स्थानीय संसाधनों का उपयोग करते हुए उद्यम स्थापित करने और आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया।इस अवसर पर आईआईएम काशीपुर ( ?ीड) के बिजनेस मैनेजर गिरधर सिंह बिष्ट ने बूट कैंप के उद्देश्यों एवं लाभों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस प्रकार के बूट कैंप महिलाओं को अपने व्यावसायिक विचारों को समझने, व्यवसाय की योजना तैयार करने, विशेषज्ञों से मार्गदर्शन प्राप्त करने तथा अपने उद्यमों के विकास की संभावनाओं को पहचानने में सहायता करते हैं। उन्होंने महिला प्रतिभागियों को उपलब्ध उद्यमिता सहायता एवं मार्गदर्शन के अवसरों का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया।



### सहज परम धाम के वार्षिक जन्मोत्सव में धार्मिक अनुष्ठानों गूंज

नैनीताल। नैनीताल के समीपवर्ती ताकुला गांधी ग्राम स्थित सहज परम धाम में ब्रह्मलीन परम पूज्य सद्गुरु श्री श्री गौरी शंकर दीक्षित जी महाराज का वार्षिक जन्मोत्सव धार्मिक एवं आध्यात्मिक कार्यक्रमों के साथ मनाया जा रहा है।

बता दें सोमवार को जन्मोत्सव के पहले दिन विश्व कल्याण यज्ञ और हरि संकीर्तन का आयोजन हुआ।

# सेवानिवृत्त प्रधानाचार्यों का जुटान, नई कार्यकारिणी का गठन

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

वर्षों तक विद्या मंदिरों में शिक्षा और संस्कार की अलख जगाने वाले सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य रविवार को हल्द्वानी में एक मंच पर जुटे। उत्तराखंड के विभिन्न जिलों से पहुंचे प्रधानाचार्यों ने पुराने अनुभव साझा करने के साथ संगठन को मजबूत बनाने पर मंथन किया। बैठक में नई कार्यकारिणी का गठन किया गया और दिवंगत प्रधानाचार्यों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। बैठक के दौरान परिचय एवं अनुभव साझा करने का सत्र आयोजित किया गया। इसके बाद सर्वसम्मति से कार्यकारिणी का गठन किया गया। इसमें कोटद्वार के सोमप्रकाश बलौदी को अध्यक्ष, बागेश्वर के तारा सिंह रावत और कोटद्वार के कुंज बिहारी भट्ट को उपाध्यक्ष बनाया गया। हल्द्वानी के खीम सिंह बिष्ट को मंत्री, ऋषिकेश के राजेंद्र पांडे को संगठन मंत्री, हरिद्वार के उदय राज सिंह चौहान को सह मंत्री तथा सतीश दुर्गापाल को कोषाध्यक्ष नामित किया गया। इसके अलावा सात अन्य सदस्यों को संस्थापक सदस्य की जिम्मेदारी दी गई। बैठक में समिति के विधिवत पंजीकरण को लेकर भी विचार-विमर्श हुआ। संगठन की आगामी गतिविधियों को गति देने के लिए अगली बैठक जनवरी में हरिद्वार में आयोजित करने का प्रस्ताव पारित किया गया।

# मुफ्ती कासमी का जोरदार स्वागत, हुनर परिषद को लेकर दिखाया बड़ा विजन

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

उत्तराखंड हुनर परिषद की नई जिम्मेदारी संभालने के बाद हल्द्वानी पहुंचे मुफ्ती शामून कासमी का नई बस्ती, इंदिरा नगर में जोरदार स्वागत किया गया।

हाजी महबूब अली के आवास पर आयोजित स्वागत समारोह में क्षेत्र के मुस्लिम बुद्धिजीवियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और स्थानीय लोगों ने उनका अभिनंदन किया। कार्यक्रम में हुनर परिषद के माध्यम से युवाओं को प्रशिक्षण और रोजगार के अवसरों से जोड़ने पर जोर दिया गया।

समारोह को संबोधित करते हुए मुफ्ती शामून कासमी ने नई जिम्मेदारी के लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का आभार जताया। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार समाज के सभी वर्गों के



कल्याण की दिशा में काम कर रही है। उनके मुताबिक अल्पसंख्यक समुदाय के शैक्षिक, सामाजिक और आर्थिक उत्थान के लिए उठाए जा रहे कदमों में हुनर परिषद की भूमिका महत्वपूर्ण हो सकती है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड हुनर परिषद का फोकस कौशल विकास और रोजगारपरक प्रशिक्षण पर रहेगा। परिषद युवाओं और अन्य जरूरतमंद लोगों को विभिन्न क्षेत्रों में प्रशिक्षण, मार्गदर्शन और अवसर उपलब्ध कराने की दिशा में काम करेगी, ताकि वे रोजगार हासिल करने के साथ स्वरोजगार के माध्यम से भी आत्मनिर्भर बन सकें। मुफ्ती कासमी ने कहा कि हुनर और प्रतिभा की कमी नहीं है, जरूरत उन्हें सही दिशा और अवसर देने की है। परिषद प्रशिक्षण के जरिए प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने का प्रयास करेगी। उन्होंने लोगों से परिषद की योजनाओं का लाभ उठाने और समाज के विकास में सक्रिय भागीदारी करने का आह्वान किया। स्वागत समारोह में उत्तराखंड अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य हाजी महबूब अली, जहीर अंसारी, शानू खान, लाल मोहम्मद, राजा कमल, परवेज आलम, मोहम्मद इलियास, हाजी मोहम्मद तकी, मोहम्मद इकबाल, मोहम्मद शकील सिद्दीकी, शहिदुजमा, नसरुल्ला, मोहम्मद अहसान, मोहम्मद अनवर, मोहम्मद रईस, मोहम्मद साजिद और मोहम्मद मोहिद समेत बड़ी संख्या में स्थानीय निवासी, सामाजिक कार्यकर्ता और बुद्धिजीवी मौजूद रहे।

**कार्यक्रम**

- बोले-हुनर को रोजगार से जोड़कर युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने पर रहेगा